"एग्जीक्यूटिव कमिटी की 14 जनवरी 2024 को हुई मीटिंग की कार्यवाही"

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फॉर्म की इस वर्ष की द्वितीय आनलाइन एग्जीक्यूटिव कमिटी की मीटिंग 14 जनवरी 2024 को 3:30 बजे से 5:00 तक हुई जिसमें 18 यूनिट के 32 सदस्यों ने भाग लिया यद्यपि 42 सदस्यों ने मीटिंग अटेंड करने की सहमति दी थी।

- सर्वप्रथम नौ बार णमोकार मंत्र का उच्चारण किया गया उसके पश्चात श्री डीसी जैन सह सचिव गुड़गांव यूनिट द्वारा मंगलाचरण किया गया।

- उसके पश्चात राष्ट्रीय सचिव द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों का आज की मीटिंग में भाग लेने के लिए स्वागत किया तथा 15 अक्टूबर 2023 को हुई एग्जीक्यूटिव कमैटी मीटिंग की कार्रवाई पढ़ी गई, जिसे सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।

- सोम प्रकाश जैन राष्ट्रीय महासचिव गुड़गांव ने आज की मीटिंग का उद्देश्य के बारे में बतलाया:

- शिथिल यूनिट को एक्टिवेट करना

- माइनॉरिटी कमीशन की योजनाओ का लाभ जैन विद्यार्थियो, जैन व्यवसायीयो तथा जैन संस्थाओ को दिलाना।

- महा सचिव ने वार्षिक प्रगति रिपोर्ट के प्रारुप मे किए गए संशोधन के बारे मे अवगत कराया, और संशोधन का कारण समय परिवर्तन के साथ परिस्तिथियो मे आया बदलाव, प्रगति रिपोर्ट के मूल्यांकन मे पारदर्शिता लाना तथा सदस्यो से प्राप्त फीडबैक बताया।

- माइनॉरिटी कमीशन की योजनाओ पर विस्तृत चर्चा करने के लिए श्री अनिल जैन राष्ट्रीय अध्यक्ष "अंतरराष्ट्रीय जैन अल्पसंख्यक संघ" को मीटिंग मे आमंत्रित किया गया था जिन्होने अवगत कराया कि उन्होंने 20 पॉइंट का ब्राउचर सभी योजनाओं के ऊपर बनाया हुआ है जिसमें छात्रों के लिए ढाई लाख वार्षिक आय से कम वालों के विद्यार्थियों को वजीफा एवं फीस माफी तथा उच्च शिक्षा ऋण के प्रावधान है। सीखो और सिखाओ योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षण के दौरान स्टेप्ड मिलता है। व्यवसाईयों को योजना के अंतर्गत ऋण लेने के लिए प्रोजेक्ट बनाकर गवर्नमेंट को देना होगा।अल्पसंख्यक कमीशन की योजनाएं केंद्रीय एवं स्टेट सरकार दोनों द्वारा चालू है। प्रोजेक्ट बनाकर एसडीएम को देना होगा। उन्होंने वार्ता के दौरान सदस्यों द्वारा उठाए प्रश्नो का शंका समाधान भी किया और आश्वासन दिलाया कि कोई भी सदस्य उनको सीधे या फोरम के अध्यक्ष श्री जे के जैन जी, (जिन्होंने उनको विशेष आग्रह कर आमंत्रित किया था), उनके माध्यम से उनसे संपर्क कर सकते हैं उन्होंने यह भी जानकारी दी कि "अल्प संख्यक संघ" में श्री कुंडों (जैन) जी दक्षिण भारत से कमीशन के सदस्य है।

-सदस्यो द्वारा मागं की गई कि श्री अनिल जैन जी एवं श्री कुंडू जी का मोबाइल नंबर ग्रुप में उपलब्ध कराया जाए दिया जाए।

श्री अनिल जैन जी का करतल ध्वनी से धन्यवाद किया गया कि उन्होंने अल्पसंख्यक आयोग की सूचनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग प्रदान करते रहने का आश्वासन दिया।

- इसके पश्चात महासचिव ने जानकारी दी की शिथिल शाखों को एक्टिवेट करने के लिए विगत में क्षेत्रीय पर्यवेक्षकों को नामित किया गया था जिन में:

श्री अवनी जैन आगरा

श्री सनत जैन ललितपुर

श्री वी के जैन गाजियाबाद

श्री राजीव जैन मुजफ्फरनगर

श्री अभिषेक जैन ट्रांस हिंडन

श्री पवन जैन गुड़गांव एवं श्री प्रभात गोयल जी भोपाल है।

महासचिव ने यह भी बताया कि सभी सदस्यों ने अपने स्तर पर प्रयास किया लेकिन आशातीत परिणाम नजर नहीं आए। इसी लिए आज की मीटिंग का यह एक अहम बिंदु है। आज की मीटिंग में सदस्यों से सुझाव आमंत्रित किए गए थे।

- महासचिव ने अवगत कराया कि सागर यूनिट के श्री वीरेंद्र प्रधान जी एवं श्री अशोक सेठ जी ने उनको आश्वासन दिया है कि शीघ्र ही इकाई का पुनर्गठन करके यूनिट को एक्टिवेट किया जाएगा

- राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जे के जैन जी द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा अपने क्षेत्र में कार्यरत चार शाखाएं दिल्ली वेस्ट, दिल्ली ईस्ट, नोएडा एवं मेरठ शाखा जो कि वर्तमान में सक्रिय नहीं है के अध्यक्ष एवं मंत्रियों से संपर्क किया उन्होंने आश्वासन दिया कि वह जल्द अपनी शाखा की मीटिंग करके अपनी शाखाओं को अवश्य ही सक्रिय करेंगे ।

- श्री आर बी जैन जी अध्यक्ष नोएडा यूनिट से आग्रह किया गया कि मासिक अंतराल पर मीटिंग करके सदस्यों को एक्टिवेट करें जिसका उन्होंने आश्वासन दिया।

- सवाई माधोपुर से श्री मोहनलाल कासलीवाल जी ने भी आश्वासन दिया की यूनिट को शीघ्र एक्टिवेट करेंगे।

- श्री पवन जैन जी गुडगांव से महासचिव के साथ अलवर विजिट करके अलवर यूनिट को एक्टिवेट करेंगे।

- श्री सुनील जैन जी ने हिसार से आश्वासन दिया कि शीघ्र ही यूनिट का पुनर्गठन करके यूनिट को एक्टिवेट करेंगे।

- श्री के के जैन जी पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक ने सुझाव दिया कि आचार्य ज्ञान सागर जी महाराज की जन्म जयंती पर वृक्षारोपण करके उनको याद किया जाए और यादगार बनाया जाए।

- श्री अरुण रपरिया जी ने सुझाव दिया कि जैन माइनॉरिटी कमीशन की शाखा राज्य एवं जिला स्तर पर खोली जाए जिससे अधिक से अधिक जैन इसका लाभ ले सकें।

- श्री प्रवीण जैन जी अध्यक्ष मुजफ्फरनगर ने सुझाव दिया कि सभी यूनिट्स के अध्यक्ष एवं सचिव की लिस्ट ग्रुप में डाली जाए जिससे एक दूसरे से संपर्क कर सकें।

- जयपुर से श्री बी सी जैन ने तीसरी बार सो रुपए वार्षिक सब्सक्रिप्शन का विषय उठाया, जिसका उनको श्री जे के जैन अध्यक्ष जी ने उत्तर दिया कि आज की डेट में कोई भी जैन बैंकर जयपुर में या किसी भी स्थान पर ऐसा नहीं है जो ₹100 वार्षिक वहन न कर सके।

- अंत मे श्री सनत जैन अध्यक्ष ललितपुर यूनिट द्वारा उपस्थित सभी सदस्यों का धन्यवाद प्रस्ताव के साथ मीटिंग समाप्त हुई।

सोम प्रकाश जैन
राष्ट्रीय महासचिव
गुड़गांव